# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

नर्मदापुरम रोड़ – 462026

## कार्यालय– अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

क्रमांक डी-902 / छा0क0 / जि.सांस्कृ.सम. / 2026 भोपाल दिनांक 4/8/26

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबद्व चिन्हित महाविद्यालय,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,
भोपाल।

विषयः–सत्र 2026–27 के युवा उत्सव हेतु जिला सांस्कृतिक समन्वयकों के मनोनयन के लिए तीन–तीन प्राध्यापक / सहायक प्राध्यपकों के नामों का प्रस्ताव भेजने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

विषयान्तर्गत आपको विदित है कि म0 प्र0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येंक वर्ष विभिन्न स्तरों पर युवा उत्सव का आयोजन कराया जाता है। युवा उत्सव का आयोजन सफलता पूर्वक निष्पक्ष पूर्ण हो एवं उत्तम प्रतियोगियों का चयन किया जा सके, इसके लिए प्रत्येंक वर्ष जिला सांस्कृतिक समन्वयकों का मनोनयन किया जाता है।

सत्र 2026–27 के युवा उत्सव हेतु जिला सांस्कृतिक समन्वयकों का मनोनयन किया जाना है, मनोनीत युवा उत्सव जिला सांस्कृतिक समन्वयकों को रू0 500.00 प्रति माह की दर से 10 माह का मानदेय एवं रू0 3000.00 आकस्मिक व्यय हेतु प्रदान किया जाता है।

अनुरोध है कि कृपया सत्र 2026–27 के लिए युवा उत्सव जिला सांस्कृतिक समन्यवकों के मनोनयन के लिए अपने महाविद्यालय / जिले के अन्य महाविद्यालयों से किन्ही तीन ऐसे प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापको के नाम का प्रस्ताव शीघ्र भिजवाने का कष्ट करें, जो युवा उत्सव गतिविधियों में दक्षता एवं रूचि रखते हों।

आदेशानुसार

(प्रो0 एस0 बी0 सिंह)
कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,
भोपाल

क्रमांक डी-903 / छा0क0 / जि.सांस्कृ.सम. / 2026 भोपाल दिनांक 4/8/26

प्रतिलिपि

1. कुलगुरू के निज सचिव के माध्यम से माननीय कुलगुरू जी की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निज सचिव के माध्यम से माननीय कुलसचिव जी की ओर सादर सूचनार्थ।
3. प्रभारी आई0टी0 सेल की ओर पत्र को वि0वि0 की वेवसाईट पर अपलोड हेतु।
4. नस्ती।

(प्रो0 पवन मिश्रा)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल